# आयुक्त ने उद्यान रखरखाव करने एजेंसी को नोटिस देने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 3 मदर टेरेसा नगर एवं जोन 05 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। स्थानीय नागरिको के शिकायत पर वार्ड क्रं. 31 में पूर्व निर्मित सियान सदन का निरीक्षण कर वहां साफ–सफाई, अन्य संधारण कार्य कराये जाने एवं निगम स्वामित्व का बोर्ड लगाने जोन आयुक्त सतीश यादव को निर्देशित किये। समीपस्थ जयंती उद्यान का मुवायना कर तत्काल साफ–सफाई, आवश्यक संधारण एवं शोभायमान पौधों के रोपण कराए जाने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। भ्रमण के दौरान जोन क्रं. 05 सेक्टर 8 स्थित मन्नम उद्यान का निरीक्षण कर संधारण एवं रखरखाव हेतु नियुक्त एजेंसी को नोटिस जारी करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किये, जिससे उद्यान की सुन्दरता बरकरार रहे। नगर निगम भिलाई से सेवानिवृत्त कर्मचारी विष्णु चंद्राकर एवं समिति के सदस्यो ने उद्यान के निःशुल्क देखरेख हेतु अपनी सहमति व्यक्त किये और हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिये। समीपस्थ्य सड़क 10 उद्यान, गोल बाजार स्थित उद्यान में चल रहे घास कटिंग एवं साफ–सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्मित मंदिर समिति को देखरेख हेतु चर्चा किया गया। जिसके लिए समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति दी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, वैभवकांत सेम्युवल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।

